भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा वि प्रा ने किया ऑल इंडिया पब्लिक सैक्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर, 12 फरवरी 2020: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा ऑल इंडिया पब्लिक सैक्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जयपुर स्थित सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती किरन सोनी गुप्ता, महानिदेशक जवाहर कला केंद्र, जयपुर, श्री जे.एस. बलहारा, विमानपत्तन निदेशक जयपुर हवाईअड्डा, श्री ज्ञान बत्रा महाप्रबंधक (मानव संसाधन), भाविप्रा, निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री रमेश सचदेवा सलाहकार, ऑल इंडिया स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड तथा राजस्थान बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष श्री मनोज दासोत, विभिन्न सरकारी महकमों के प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और आज के दौर के मानसिक दबाव वाली जीवन शैली में खेलों की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए खेलों में रुचि बढ़ाने एवं सरकारी उपक्रमों को खेलों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

इस प्रतियोगता में अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की पुरुष एवं महिला वर्ग की 13 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नमेंट में महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें एकल युगल, एवं मिश्रित मुकाबलों में भाग लेंगी। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण कुछ भारतीय टीम के खिलाड़ी आकर्षी कश्यप, श्रेयांशी परदेशी, करिश्मा वादकर,उत्कर्ष अरोड़ा रहेंगे।

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में एयर इंडिया ने ईएसआईसी को कड़े संघर्ष में 3-2 से परास्त किया। वहीं, टीम चैम्पियनशिप में कोल इंडिया ने बैंक ऑफ बड़ौदा को 3-2 से, भेल ने केन्द्रीय भंडारण निगम को सीधे 3-0 से परास्त किया। वहीं, मेजबान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को आसानी से 3-0 से परास्त किया। महिला वर्ग में कोल इंडिया ने बैंक ऑफ बड़ौदा को तथा एयर इंडिया

ने केन्द्रीय भंडारण निगम को एल आई सी ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को परास्त कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर पर राजस्थानी कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने राजस्थानी संस्कृति के विभिन्न रंगों से ओतप्रोत लोकनृत्यों में ताल से ताल मिलाते हुए भाग लिया।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (नि.सं.)011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति सं. 59/2019-20

ऑल इंडिया पब्लिक सैक्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेतीं अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की 13 टीमें